हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025

06 पर्यटन, आय व मनोरंजन के साथ रोजगार बनेगा...



09 कर्जदारों के तकाजे से बचने खुद ही रच डाली लूट...





## खबर संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस वीसी में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत सहित सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में मतदाता सूची के अद्यतन, त्रुटियों के निराकरण, नए मतदाताओं के पंजीयन तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने तथा प्रत्येक मतदाता तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर कार्यालय में बन रहे पुस्तकालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में बन रहे पुस्तकालय को शीघ्र शुरू किया जाएगा। यह बात कलेक्टर संदीप जी आर ने आज कलेक्टर कार्यालय में बन रहे पुस्तकालय के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय का उद्देश्य ज्ञान अर्जन को सुलभ बनाना है। पुस्तकालय के माध्यम से अधिकारी, कर्मचारियों के साथ-साथ यहां आने वाले आमजनों, युवाओं, विद्यार्थियों आदि के लिए भी सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासकीय कार्य की दृष्टि से इस पुस्तकालय में विभिन्न विभागों के नियम, विनियम, अधिनियम समेत कानून एवं संविधान संबंधी किताबें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलाबा सामान्य ज्ञान, गणित, विज्ञान संबंधी आवश्यक पुस्तकों का संग्रह होगा, साथ ही अन्य साहित्यिक, रोचक किताबें भी यहां मिलेंगी। उन्होंने कहा कि हर किताब, चाहे वह किसी भी विषय की हो, किसी न किसी के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकों को संकलित किया जाएगा। मौके पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं।





## 79वां होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

79वें होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का आयोजन होमगार्ड लाइन सागर में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ विवेक के.वी. तथा विशिष्ट अतिथि में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत परेड के मार्च पास्ट का अवलोकन किया गया। परेड में कुल 05 टुकड़ियाँ सम्मिलित रहीं, जिन्होंने मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उपलब्ध सामग्रियों का मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ दोपहर 3 बजे विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ किया गया। रस्साकसी, कुर्सी दौड़ जैसे रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में समस्त अध्यापकों, बच्चों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार प्रकट किया गया।





## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर पण्डापुरा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सागर द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डापुरा, सागर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामर्थ्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नाटक, नृत्य, रंगोली और मेंहदी जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रेरक संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त संचालक डॉ. डी.एस. यादव ने संस्था में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय कलापथक दल सहित समस्त स्टाफ एवं डीडीआरसी टीम मौजूद रही। समापन सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। लगभग 250 विद्यार्थियों की सहभागिता वाले इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक रूप से भोजन किया। अंत में स्कूल अधीक्षक श्री प्रहलाद राय ने आभार व्यक्त किया।

## शानदार आगाज़ : रहली में तीन दिवसीय संसद खेल महोत्सव वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

तीन दिवसीय संसद खेल महोत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आज नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने शानदार शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने रहली के खिलाड़ियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि इतने शानदार वॉलीबॉल के खिलाड़ी रहली में हैं। सोनी ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अनेक खेल विधाओं में राज्य स्तर तक प्रतियोगिताएं जीती हैं, लेकिन बॉलीबॉल न खेलने का उन्हें मलाल है। उन्होंने बॉलीबॉल को यहां की माटी में बसता है बताते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जब सांसद द्वारा रहली में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए खेल के चयन की बात





आई, तब उन्होंने बॉलीबॉल को सर्वोत्तम बताया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यहां के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक ले जाना है। सोनी ने यह भी कहा कि रहली में जब भी खेल की बात हुई है, तो बॉलीबॉल के ही किस्से सुने गए हैं।

### पूर्व खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि दी

नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने इस अवसर पर रहली के पूर्व बॉलीबॉल खिलाड़ियों को याद करते हुए मंच के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय मुरली मनोहर नायक, स्वर्गीय नीलू सोनी, स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण सोनी और स्वर्गीय महेंद्र शुक्ला के योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया।इस अवसर पर पार्षद अमित नायक, भाजपा नेता राजेंद्र जारोलिया, सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं।

## योग निकेतन के 55वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम 07 और 8 दिसंबर को



**सागर।** सागर के योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान योग धाम मोतीनगर चौराहे के पास के 55 वा स्थापना पर्व पर 07 दिसंबर और 08 दिसंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए है। संस्थान के संस्थापक और प्रसिद्ध योगाचार्य विष्णु आर्य ने बताया कि संस्थान अपने 55 साल पूरे कर रहा है। भारतीय योग परम्परा से जुड़े हजारों आयोजन, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन हुए है। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय योग मनीषियों का मार्गदर्शन सागर वासियों को मिला है। संस्थान को कई दफा सम्मानित भी किया गया। वर्तमान में नियमित सुबह योगाभ्यास कार्यक्रम चलता है। उन्होंने बताया कि योग धाम में नियमित प्रातः 700 बजे से 800 बजे तक कराया जाता है जिसमें योग साधना, साइटिका, कमर दर्द, सर्वाइकल, मानसिक तनाव, हाई व लो ब्लड प्रेशर, स्मरण शक्ति बढ़ायें, भय, चिंता, अनिद्रा, आदि रोगों के लिए आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा आदि क्रियाओ द्वारा निवारण किया जाता है। योग निकेतन योग संस्थान के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने बताया कि स्थापना दिवस पर योग निकेतन में 07 दिसंबर को प्रातः 8:30 बजे से 10 बजे तक सर्व भौतिक उन्नति के लिए श्री राजराजेश्वरी त्रिपुरा सुंदरी देवी श्री यंत्र का अभिषेक एवं कुमकुम से सहस्त्र अर्चन कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 08 दिसंबर को प्रातः 8:30 बजे से श्री लक्ष्मी नारायण का अभिषेक, श्री सूक्त, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से हवन, पूर्ण आहुती होगी। प्रसादी कार्यक्रम 11: 30 बजे से होगा। संस्थान के शिक्षक अमित गुप्ता, डी,साहू, सदस्य जिला योग समिति सागर, कार्यक्रम संयोजक सुबोध आर्य, डा दशरथ मालवीय, महेश नेमा, राजेश जड़यिा, संजय पाठक, महेश साहू, पी,एल सोनी, बाला नेमा, रामकिशन कोरी, संदीप सोनी सदस्य जिला योग आयोग, विनोद कुमार सोनी, आरती ताम्रकार योग टीचर आई पी ,एस, स्कूल, ज्योति शर्मा, दिलीप साहू सर भूपेंद्र पराशर, आकाश पटेल रियल कोचिंग क्लासेस, मनोहर लाल सोनी, नंदकिशोर नामदेव, सविता मेहता, मुन्ना लाल जैन, सुशील राधाचरण तिवारी, बेनीप्रसाद कोरी, पूजा पटेल, कमलेश नामदेव, आदि ने सभी योग प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सभी आठ विधानसभाओं में शत-प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण, कलेक्टर ने अधिकारियों और बीएलओ को दी शुभकामनाएं और बधाई



**सागर।** निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में सागर जिले की सभी आठ विधानसभाओं में शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप जी आर ने अधिकारियों और बीएलओ को शुभकामनाएं और बधाई दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप जी आर के मार्गदर्शन में जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों ने बड़ी कुशलता के साथ यह कार्य समय सीमा में पूरा किया। दूर-दराज के गाँवों, बस्तियों में बीएलओ घर-घर पहुँचे। नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृतकों व स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने के साथ-साथ सुधार के सभी कार्य समय सीमा से पहले पूरे कर लिए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और उनकी पूरी टीम को बधाई दी, उनकी मेहनत और कार्य कुशलता की सराहना की।

## राजस्व वसूली माह के अंतर्गत निगमायुक्त की उपस्थिति में बकाया संपत्तिकर 5 लाख 393 जमा,एक दुकान में की तालाबंदी की कार्रवाई

**सागर।** नगर निगम सागर द्वारा 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक "राजस्व वसूली माह" के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बकाया संपत्ति कर, जलकर, दुकानों का किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों की वसूली सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी एवं वसूली टीम के साथ कटरा बाजार पहुंचे। इस दौरान लंबे समय से करों की बकाया राशि 5 लाख 393 रुपए जमा कराए गए तथा एक दुकान पर सख्त कार्रवाई करते हुए मुन्नी भी पत्नी शेख सिमन्दर की दुकान में तालाबंदी की गई। निगमायुक्त ने मौके पर ही विश्वनाथ साहू कटरा बाजार से 3 लाख 7 हजार 517,शिवराम केसरवानी से 4 हजार 178 एवं प्रदीप किशनचंद चौरसिया से 1 लाख 41 हजार 768 कुल राशि 5 लाख 393/- रुपए जमा कराए। इस दौरान निगमायुक्त ने अन्य बकायादार दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवन मालिकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि जिन बकायादारों को कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद करों का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध तालाबंदी, जल कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य करों की बकाया राशि शीघ्रता से वसूली जाए, ताकि नगर निगम के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो। खत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्राप्त राजस्व का उपयोग शहर की सड़कों, नालियों, पेयजल, सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में किया जाता है। समय पर करों का भुगतान कर नागरिक इन विकास कार्यों में सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर तक राजस्व वसूली माह के अंतर्गत निरंतर सघन वसूली अभियान चलाया जाएगा तथा करों की बकाया राशि जमा न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने करों का भुगतान कर कार्रवाई से बचें तथा स्वेच्छा से नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें।

## ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम बैच की छात्रा सृष्टि रॉय का किया अभिनंदन



**सागर।** ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में एमपीपीएससी परीक्षा 2023 में चयनित छात्रा सृष्टि रॉय का विद्यालय आगमन हुआ। विद्यालय की प्राचार्या लिज़ी लुईस एवं शिक्षिका करिश्मा फोगाट ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं उनकी सफलता पर बधाई प्रेषित की। सृष्टि ने अपनी सफलता की यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए कहा-कि मैंने अपने मन में यह निश्चय कर लिया था कि मैं अब अपने विद्यालय बड़ी सफलता हासिल करने के बाद ही आऊंगी। इस निश्चय को सदैव स्मरण में रखा। उन्होंने अपने अनुभव और विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक, शिक्षकों एवं विद्यालय की चेयरपर्सन पारुल साहू 'केशरी' को देते हुए कहा कि मैम के द्वारा दी गई आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं विद्यालय से सीखा आत्मविश्वास दोनों ही सफलता में सहायक रहे। सभी ने इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर नीरज केशरवानी प्राचार्या लिज़ी लुईस समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## भवानी सेवा समिति द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 69वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**सागर।** धर्मश्री स्थित अंबेडकर वार्ड में संविधान चौक पर बाबा साहब के चरणों में पुष्पमाला अर्पित कर सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर आकाश कोरी (मासाब) ने कहा कि बाबा साहब को संविधान निर्माता,समाज सुधारक, बुद्धिजीवी और महान चिंतक के रूप में याद किया जाता है । बाबा साहब का जन्म मराठी दलित परिवार में 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ शहर में हुआ था और उनकी मृत्यु आज ही के दिन 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली में हुई थी इसके बाद सभी में नमन करते हुए 2 मिनट का मोहन धारण किया। ऐसा अवसर पर अंबेडकर मंडल की युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल अहिरवार, हेमन्त अहिरवार, पूरन अहिरवार, अभिषेक प्रजापति, वासु, नमन रजक, चेतन रजक, शुभ कोष्टी, ईशांत, प्रियांश सेन, अभय सेन आदि उपस्थित रहे।

## मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टरने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये।

### आधुनिक भारत की कल्पना, डॉ आंबेडकर के बिना अधूरीः प्रो. शांति देव

## गुलामी के दौर में भी डॉ. अंबेडकर ने अपनी बात रखीः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, डॉ. गौर एवं डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने कोई रिजर्वेशन का लाभ नहीं लिया लेकिन उनकी इच्छा शक्ति देश के प्रति लगन ने उन्हें मजबूत बनाया । उन्होंने विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी वह भारत में आकर अन्याय के विरोध में लड़ाई लड़ी । उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर में भी डॉ. अंबेडकर ने अपनी बात रखी उनकी तबीयत भी ठीक नहीं थी लेकिन फिर भी उन्होंने संघर्ष किया। सोशल रिफॉर्म के साथ-साथ डॉ. अंबेडकर के इकोनामिक थिओरी को आज भी याद किया जाता है । डॉ. अंबेडकर ने 5 लाख लोगों के साथ बुद्ध धर्म को स्वीकार किया





लेकिन उनकी मेहनत और हिम्मत के कारण आज भी डॉ. अंबेडकर को हम याद करते हैं ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जीवाजी विश्व विद्यालय के प्रो. शांति देव सिसोदिया ने कहा कि आधुनिक भारत की कल्पना डॉ. आंबेडकर के बिना अधूरी है। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष की कहानी है चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उन्होंने सामाजिक न्याय और विकास की लड़ाई लड़ी । कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए । उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने विपरीत परिस्थिति में भी अपने और समाज की प्रगति के लिए काम किया उनका शोध और शिक्षा कठिन परिश्रम का परिणाम है । भारतीय संविधान के निर्माण में उन्होंने सबकी चिंता करते हुए विकास के मार्ग को बताया और लोकतंत्र को मजबूत किया । विश्वविद्यालय प्राक्टर प्रो. चंदा बेन ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज कल्याण को समर्पित था ।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर के पास 32 डिग्रियां थी और उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था । डॉ. अंबेडकर को आज दुनिया भर के लोग उनकी शिक्षा और कार्यों के लिए नमन किया जाता हैं । संयुक्त राष्ट्र ने भी पहली बार उनकी जयंती मनाई जिसमें 156 देश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. अंबेडकर ने मानवता का संदेश दिया उनका संदेश आज भी प्रकाश देता है । उन्होंने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक न्याय और विकास का मॉडल पूरी दुनिया के सामने रखा। कार्यक्रम में डॉ. अम्बेडकर चेयर द्वारा किये गए वर्ष भर में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रमों से संबन्धित पत्रिका का विमोचन मंचासीन अतिथिओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्विद्यालय के प्रो. अशोक अहिरवार, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. शशि कुमार सिंह, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. रेखा सोलंकी डॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. अवधेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में अजब सिंह,जितेंद्र, अभय, हिमांशु, बालचंद, नैनिका, जितेंद्र कबीरपंथी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेन्द्र कुमार एवं आभार प्रदर्शन डॉ. विरेन्द्र मत्तसनिया ने किया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा में डीएम ने की मनरेगा पार्क की प्रशंसा

# पर्यटन, आय व मनोरंजन के साथ रोजगार बनेगा लखंजन का मनरेगा पार्कः कलेक्टर

## जिले के ऐसे सभी रोजगारपरक प्रोजेक्ट निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जनपद की पात्र जनता को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की इन योजनाओं से छूटने न पाए।

इसी के साथ उन्होंने जनपद की विकासपरक योजनाओं की जमीनी हकीकत और उनके सकारात्मक प्रभाव जानने के लिए भी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता की, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने बताया कि जनपद के महत्वाकांक्षी विकासखण्ड मड़ावरा लखंजर गांव में मनरेगा पार्क का निर्माण एक महत्व पूर्ण उपलब्धी है। इस पार्क के निर्माण से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिले हैं। जिलाधिकारी ने मनरेगा पार्क की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, जिले में ऐसे सभी प्रोजेक्ट, जिनसे आमजन को रोजगार के साथ-साथ पर्यटन विकास व मनोरंजन के अवसर मिलें, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। मुख्य विकाव अधिकारी ने बताया कि मनरेगा पार्क की सुंदरता और धसान नदी के किनारे स्थित होने के कारण, यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए जगह है और नदी में वोटिंग बोटिंग की सुविधा है, जिससे लोगों को मनोरंजन के अवसर मिलते हैं। इसके साथ ही इस पार्क के निर्माण से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हुई है, जिससे ग्राम पंचायत अपने विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि मनरेगा पार्क के निर्माण और इसके रखरखाव से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। पार्क की सुंदरता और नदी के किनारे स्थित होने के कारण, यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पार्क के निर्माण से ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हुई है, जिससे ग्राम पंचायत अपने विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकती है। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए जगह है और नदी में वोटिंग बोटिंग की सुविधा है, जिससे लोगों को मनोरंजन के अवसर मिलते हैं।

इस प्रकार, मनरेगा पार्क का निर्माण लखंजर गांव के लिए एक वरदान साबित हुआ है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और मनोरंजन के अवसर भी मिले हैं।

# 'सहकारिता से ग्रामीणों को स्थानीय रोजगार के नए अवसर मिल रहे'

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत सहकारी संवाद आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आज सहकार भारती के तत्वावधान में जिला सहकारी बैंक सभागार में एक दिवसीय सहकारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों, कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकार भारती उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला सहकारी बैंक ललितपुर के सभापति रमेश लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता आंदोलन की भावना और उसके सामाजिक/आर्थिक महत्व पर चर्चा के साथ हुआ। डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियाँ कृषि उत्पादन के साथदृसाथ प्रसंस्करण, विपणन, डेयरी, कृषि यंत्र सेवा केंद्र तथा मल्टीपरपज समितियों के रूप में ग्रामीण युवाओं के लिए व्यापक रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही हैं। जिला सहकारी बैंक के सभापति रमेश लोधी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास एवं आर्थिक उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि सहकारी संस्थाएँ पारदर्शिता, अनुशासन और समयबद्ध सेवाओं के साथ कार्य करें, तो किसानों एवं ग्रामीण युवाओं की आजीविका के अवसरों में वृद्धि संभव है।

विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी विकास फेडरेशन लि ललितपुर झाँसी की अध्यक्ष बसंती लहरिया ने कहा कि विभाग द्वारा सहकारी संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु सदस्यता विस्तार, लेखा-व्यवस्था में पारदर्शिता और आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कृषि इनपुट, ऋण सुविधा, विपणन और प्रसंस्करण सेवाओं को और बेहतर बनाना प्राथमिकता है। अपर जिला सहकारी विकास अधिकारी (सहकारिता) ओ.पी. यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसके माध्यम से किसानों तथा युवाओं के आर्थिक विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जनपद की सहकारी समितियों को अधिक सक्षम, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें सहकार भारती उत्तर प्रदेश के एफपीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुरेन्द्र पस्तोर, जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया आदि मौजूद थे।

# नवजीवन कॉलोनी की सड़क 4 साल से अधूरी, पीड़ितों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** नवजीवन कॉलोनी फेस-2, मोहल्ला हरदीला वार्ड नंबर-13 के जागरूक नागरिकों ने आज नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ले में लगभग 300 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया था, लेकिन करीब 70 मीटर का हिस्सा कच्चा छोड़ दिया गया, जो पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस अधूरे मार्ग के कारण लोगों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

बरसात के दिनों में यह हिस्सा दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। गड्ढों में पानी भरने से दुर्गंध फैलती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। फिसलन के कारण कई बार बुजुर्ग चोटिल भी हो जाते हैं। निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया है। मोहल्लेवासियों ने जनहित में शेष मार्ग को तत्काल पक्का कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में पूनम शर्मा (सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी), वरिष्ठ नागरिक महेंद्र कुमार, पुरोहित उपेंद्र राय, प्रियंका सोनी, आसाराम, मलखान सिंह, आनंद, रविंद्र यादव, आयुष यादव, शैलेंद्र, नीरज, देवेंद्र, मगन, भजनलाल, हरचरण, राकेश, आर. पी. सिंह, बेद, राहुल, सुनील शर्मा सहित अनेक लोग शामिल रहे। नागरिकों ने चेताया कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई सम्पन्न

# एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी और इसके क्रियान्वयन सहयोग पर चर्चा



**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के एस आई आर टोली की गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत द्वारा की गई। जिसमें अतिथि के रूप में श्रम सेवा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल पंथ तथा सदर विधायक राम रतन कुशवाहा एड उपस्थित रहे । जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने सभी भारतीय जनता पार्टी की एस आई आर टोली को अवगत कराते हुए जानकारी दी कि वे समस्त बी एल ए 2 और समस्त बूथ अध्यक्षों को भी अवगत कराएं कि जिन्हें नए मतदाता बनना है और उनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन सभी लोगों को फॉर्म 6 भरने का काम आवश्यक रुप से करना है और वे एक जनवरी को अठारह साल आयू पूरी करने बाले सभी युवाओं से आग्रह करें कि वे यह फार्म जरूर भरें। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि जिला संयोजक सभी मण्डल अध्यक्षों को अवगत कराएं कि जिन मतदाताओं को संशोधन कराना है वो फार्म 8 भरें। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारे जिम्मेदार कार्यकर्ता घर घर जाकर सम्पर्क करें और लोगों को एस आई आर के वारे में विस्तृत जानकारी दें।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने भी सभी कार्यकताओं को एस आई आर के संबंध में जानकारी दी सभी फ़ार्म की विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक एस आई आर अभियान बीजेपी हरिराम निरंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, रमेश कुमार सिंह लोधी ,जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, बंशीधर श्रीवास, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पाठक , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी रावत ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, दीपक पाराशर, मनविंदर कौर,सुनीता पंथ आदि मौजूद थे।

# विगाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



**ललितपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विगाखेत टोल प्लाजा पर झाँसी विगाखेत टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं क्यूब रूट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज विगाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललितपुर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विपिन चौधरी एवं यातायात प्रभारी श्री आलोक तिवारी रहे, जिन्होंने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। यह नेत्र शिविर आगामी सात दिनों तक (11 दिसम्बर 2025 तक) टोल प्लाजा पर संचालित किया जाएगा। शिविर में मेडिकल टीम द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं, विशेषकर ट्रक चालकों की आँखों की जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार चालकों को निशुल्क चश्मे (आई ग्लासेस) वितरित किए गए। परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ट्रक एवं वाहन चालकों को नियमित नेत्र जांच कराना है, ताकि नेत्र संबंधी समस्याओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी चालकों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया। प्लाज़ा प्रबंधक विकास सक्सेना ने जानकारी दी कि आज शिविर में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आँखों की जाँच कराई। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक एवं मेडिकल टीम झ डॉ. सुनील कुमार पाल, डॉ. विशाल यादव, अमित मौर्य, आर्यन मौर्य तथा समस्त टोल स्टाफ उपस्थित रहे।

### पुलिस ने शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू

# मारपीट कर घायल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम कल्यानपुरा निवासी रेखा देवी पत्नी हरपाल सिंह राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विद्या पत्नी जगदीश राजपूत आयी और गालियां देने लगी और विद्या ने अपने पुत्र हिमांशु व पुत्री मुस्कान के साथ एकराय होकर मारपीट कर दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मंदिर से भगवान का छत्र चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधी नगर नई बस्ती निवासी रमाकान्त गोस्वामी पुत्र अशोक कुमार गोस्वामी ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह रेलवे स्टेशन के सामने बने जूना अखाड़ा हनुमान मंदिर से आरती पूजा करते हैं। सुबह 8 बजे जब वह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, जब उसने अंदर जाकर देखा तो हनुमान जी महाराज का चांदी का छत्र व मुकुट 2-3 दिसम्बर को रात में किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 305 (डी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### *उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ बबीता सिंह चौहान आज ललितपुर में*

***ललितपुर।*** *जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने बताया है कि अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग डॉ बबीता सिंह चौहान आज सुबह 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। सुबह 11:30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।*

# डायल 112 का प्रयोग करें, वाहन कंट्रोल रखें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नाराहट

कस्बा नाराहट थाना परिसर में शांति सुरक्षा समिति की बैठक क्षेत्राधिकारी पाली सुनील भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शादी विवाह के सीजन में डीजे पर डांस के दौरान विवाद ना हो, ज्यादा तेज आवाज में डीजे ना बजाए जाएं। ज्यादा तेज डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर हुड़दंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में साइबर क्राइम बढ़ रहा है जिससे जिले वासियों को अनावश्यक परेशान होना पड़ रहा है। सभी नागरिक एंड्राइड मोबाइल का उपयोग करते हैं लेकिन सावधान नहीं रहने के कारण कई घटनाएं घट रही है। जहां पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता के लिए सिविल लगाए जा रहे हैं। विद्यालय में जानकारी दी जा रही है घटना के समय 112 का प्रयोग करें पुलिस हमेशा आपके लिए तैयार है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में सदर तहसील में जनशिकायतें की सुनवाई करेंगे जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आंशिक संशोधित कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए आमजन को अवगत कराया है कि उनकी अध्यक्षता में तहसील मडावरा में होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस जनहित में तहसील ललितपुर में आयोजित किया जायेगा। शेष आदेश यथावत रहेगा, जिसके तहत अपर जिलाधिकारी तहसील तालबेहट व अन्य उप जिलाधिकारी सम्बंधित तहसीलों में जनशिकायतें सुनेंगें और उनका निस्तारण करायेंगे। उन्होंने अधिकारीगणों को निर्देशित किया है कि आज तहसील ललितपुर में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने क्षेत्र की तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

# शहीद शुक्ल की नवीन प्रतिमा अनावृत हुई, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा महरौनी



**महरौनी।** नगर पंचायत महरौनी के तत्वाधान में गुरुवार दोपहर नगर के मंडी रोड स्थित श्री राजेंद्र शुक्ल पार्क में भारत माता के अमर सपूत शहीद राजेंद्र शुक्ल जी की नवीन प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। अनावरण समारोह नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ौनिया एवं स्व. रविन्द्रानंद बड़ौनिया फेयरवेल सोसायटी के प्रबंधक दुष्यंत बड़ौनिया द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत अध्यक्ष नीलम दुष्यंत बड़ोनिया, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह तथा नगर पंचायत के समस्त पार्षदगणों ने प्रतिमा स्तंभ का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शहीद राजेंद्र शुक्ल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके वीरता, पराक्रम और बलिदान से जुड़ी स्मृतियों को भावपूर्ण स्वर में याद किया तथा कहा कि शहीद शुक्ल जी की शौर्यगाथा सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। समारोह के समापन पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ौनियां, रवि अहिरवार, अनूप कुमार, नीलेश श्रीवास्तव लाला, जाकिर अली, प्रेमनारायण साहू, पवन जैन, मुकेश श्रीवास्तव, पार्षदगण अनिल शर्मा, उदयभानु सिंह, सौरभ लखपति, सुरेश कुमार, मूलचन्द सेन पार्षद प्रतिनिधि, कोमलचंद सिंघई अध्यक्ष दिगम्बर जैन समाज, संजय पाण्डेय भारत, पियूष शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, महेद्र सिंह राजावता, लखनलाल शिक्षक, विजय दुबे, रवि खरे, शमशेर खां उस्ताद, इरनफान अली एड0, दुष्यंत नायक, हरिहर तिवारी, राहुल शुक्ला, पत्रकारगण शैलेन्द्र नायक, सूर्यकान्त त्रिपाठी, राजीव सिघई मोनू, रिषी तिवारी एवं रामदास कुशवाहा, राज अहमद, वेद प्रकाश, शादिक खा, अरहन्त जैन, कयूम अली आदि मौजूद थे।

### अध्यापकों की कम उपस्थिति पर दोनों बीईओ का स्पष्टीकरण तलब

# मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने व शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों व योजनाओं की गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी कार्यों की एक-एक कर गहनता से समीक्षा की, मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत निर्धारित मेन्यू के अनुसार दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा व स्वादिष्ट भोजन वितरण में कोई कोताही न बरती जाए, इसके साथ ही निर्धारित दिवसों में फल व दूध वितरण किये जाने होते हैं, जिसके लिए दूध व फल वितरण की जीपीएस लोकेशन के साथ फोटो उपलब्ध कराये जाएं और निरीक्षण के दौरान इसका विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर गठित टास्क फोर्स समिति के अधिकारियों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर माहवार दिये गए लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों के निरीक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

कार्यों में लापरवाही एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन डाटा में अंतर पाये जाने पर जिलाधिकारी के द्वारा एमआईएस मैनेजर व जिला समन्वय को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। विकासखण्ड बार व जखौरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की कम उपस्थिति पाये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब किया। इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर व बिना बताये जिला मुख्यालय छोड़ने पर जिला विपणन अधिकारी का स्पष्टीकरण भी तलब किया। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अनुदेशक व शिक्षा मित्रों का मानदेय माह की 7 तारीख से पूर्व भुगतान किये जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। इसी प्रकार मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोईयों के भुगतान पर जोर देते हुए कहा कि बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक माहवार समय से भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बीएसए को 19 पैरामीटर्स पर जनपद के सभी विद्यालयों को आच्छादित कराने के निर्देश दिये। खाद्यान्न उठान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कोटेदार से खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु अधिकारियों की समिति गठित करते हुए निर्देश दिये कि कोटेदार से कितन खाद्यान्न उठाया गया है, उठान का प्रमाण पत्र व उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के एई को निर्देश दिये कि नियमानुसार ध्वस्तीकरण कार्य शीघ्रता से करें, ताकि जनपद के बच्चों के लिए नये विद्यालय बनाये जा सकें। परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग को गंभीरता से लिया।

## फर्जी निकली 5 लाख रुपए लूट की वारदात, पुलिस ने 48 घंटे में किया पर्दाफाश

# कर्जदारों के तकाजे से बचने खुद ही रच डाली लूट की झूठी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र स्थित सेमल्दाहवेली रोड पर तीन दिन पहले बाइक सवार युवक से पांच लाख रूपए लूटने की वारदात फर्जी निकली है। पुलिस ने 48 घंटे की जांच के दौरान इस पूरी घटना का पर्दाफाश कर दिया है। लूट की एफआईआर दर्ज कराने वाले युवक ने कर्जदारो के तकाजे से बचने के लिए खुद की लूट की झूठी कहानी रच दी। पुलिस ने पांच लाख रूपए और मोबाइल फरियादी युवक के घर से ही बरामद कर लिए है। पुलिस अब झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले युवक के खिलाफ ही कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी की रही है। ताकि इस तरह आगे कोई पुलिस को गुमराह न कर सके।

शनिवार को पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम जानपुरा निवासी जनरेल सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने 5 लाख रूपए और मोबाइल तीन बदमाशों के द्वारा छीनकर ले जाने की जो रिपोर्ट दर्ज कराई थी, वह घटना पूरी तरह फर्जी निकली है। पांच लाख रूपए और मोबाइल जनरेल सिंह के घर में रखे एक बख्शे से बरामद कर लिए गए है। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी के साथ एएसपी प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता भी मौजूद थे।




### नजदीकी रिश्तेदारों से ले रखा था कर्ज

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि जनरेल सिंह ने अपने नजदीकी रिश्तेदारों से रूपए उधार ले रखे थे। रिश्तेदार उससे उधार दिए पैसे वापस देने की बात कह रहे थे। इसी कर्ज को चुकाने से बचने के लिए जनरेल सिंह अपने घर जाकर दूसरे घर में रखे बख्शे में पांच लाख रूपए और अपना मोबाइल बंद करके छिपा दिया और लूट होने की झूठी कहानी गढकर देहात थाने में एफआईआर दर्ज करा दी।

### प्रत्यक्षदर्शी ने खोला राज

जैसे ही पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल को इस वारदात की सूचना मिली तो उन्होने तत्काल एफआईआर दर्ज करने और एसडीओपी श्योपुर राजीव गुप्ता तथा देहात थाना प्रभारी शशि तोमर की अगुवाई में एक पुलिस टीम गठित करके इसका खुलासा शीघ्र करने के निर्देश दिए। जब पुलिस की टीम ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और फरियादी युवक से दो तीन बार घटना के संबंध में पूछताछ की तो घटना संदिग्ध दिखी। बताया गया है कि पुलिस ने फरियादी से जितनी बार घटना के संबंध में पूछा,उतनी बार बताई कहानी में भिन्नता नजर आई। इसके अलावा घटना स्थल पर भी ऐसे कोई निशान नहीं मिले,जिसे देखकर कहा जा सके कि यहां रूपयों से भरा बैग छीनकर भागने जैसी कोई घटना हुई हो। इसके अलावा पुलिस को जांच के दौरान एक ऐसा प्रत्यक्षदर्शी भी मिल गया,जिसने पुलिस को बताया कि जनरेल सिंह जहां की घटना बता रहा है,वहां होकर मै भी निकला था और मुझे जनरेल सिंह भी मिला था, मगर वहां पर बदमाशो के द्वारा उसका बैग छीनकर ले जाने की ऐसी कोई घटना होती नजर नहीं आई।

### इनकी रही अहम भूमिका

इस घटना का खुलासा करने में देहात थाना प्रभारी शशि तोमर,कोतवाली थाने के उनि प्रदीप तोमर, प्रआर धर्मेन्द्र जादौन, प्रदीप सिकरवार, नवल, जयदीप गुर्जर, जितेन्द्र, नागेन्द्र, प्रदीप कुमार, आरक्षक अजय राजावत, रवि, दिलीप, राजबल्लभ यादव, योगेश शर्मा की अहम भूमिका रही है।

## श्योपुर पीजी कॉलेज में सप्ताह में तीन दिन इंटरव्यू देने की ट्रैनिंग का शुरू हुआ नवाचार

# एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर का इंटरव्यू देने की निःशुल्क ट्रेनिंग देंगे श्योपुर के प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का इंटरव्यू देने की ट्रैनिंग अभ्यर्थियों को निःशुल्क दिए जाने का एक नवाचार शुरू किया गया है। इस नवाचार के तहत पीजी कॉलेज श्योपुर के स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ में कॉलेज के प्राध्यापक सप्ताह में तीन दिन अभ्यर्थियों को मॉक इंटरव्यू देने की ट्रैनिंग प्रदान करेगे, जो पूरी तरह निःशुल्क रहेगी।

दरअसल एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2024 के अभी तक घोषित विषयों के लिखित परीक्षा परिणाम में श्योपुर जिले से पीजी कॉलेज के 20 से अधिक विद्यार्थी सफल होकर इंटरव्य के चरण के लिए चयनित हुए है। श्योपुर जिले के लिए यह पहला अवसर है,जब श्योपुर के इतने सारे विद्यार्थियों का चयन एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए इंटरव्यू के लिए हुआ है। श्योपुर के ये सारे विद्यार्थी इंटरव्यू में सफल हो जाए,इस उद्देश्य के लिए श्योपुर के पीजी कॉलेज के प्राध्यापकों के द्वारा यह नवाचार आरंभ किया गया है। बता दें कि इसके पहले 2017 के बैच में श्योपुर के दो अभ्यर्थियों का चयन एमपीपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए हुआ था। पीजी कॉलेज श्योपुर के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने इस पहल का स्वागत और इसे उपयोगी बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जिले के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए आत्मविश्वास, व्यक्तित्व-विकास और साक्षात्कार कौशल को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




### प्राध्यापकों की यह टीम संभाल रही जिम्मा

श्योपुर पीजी कॉलेज में शुरू हुए मॉक इंटरव्यू नवाचार का सत्र निर्धारित दिवसों में दोपहर 3 बजे से आयोजित जाएगा। जिसका संचालन प्रो. अजीत सिंह, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) के नेतृत्व में बनी प्राध्यापकों की टीम के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञ के रूप में डॉ लोकेन्द्र सिंह जाट, डॉ. आसिफ क़ुरैशी, डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया, डॉ. सीमा चौकसे, प्रो. शिवम भदौरिया, डॉ. बालकृष्ण वैष्णव एवं डॉ. तुफैल अहमद द्वारा अभ्यर्थियों को विभिन्न विषयों के दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस डी राठौर, डॉ. रमेश भारद्वाज, डॉ. सुभाष चंद्र और डॉ. विपिन बिहारी शर्मा का भी समय समय पर अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मुख्य आतिथ्य में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट कार्यालय परिसर श्योपुर में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस समारोह गरिमामयी रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली गई तथा महामहिम राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय गृहमंत्री भारत सरकार के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा, प्लाटून कमांडर प्रमोद डण्डोतिया तथा होमगार्ड जवान उपस्थित रहें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा जवानों के प्रतिभाशाली बालक, बालिकाओं को पुरूस्कृत किये जाने के क्रम में होमगार्ड सैनिक की पुत्री मैधावी छात्रा कु. जिज्ञासा शाक्य को 5 हजार रूपये की राशि का चैक भेंट किया गया। कलेक्टर द्वारा होमगार्ड संगठन के स्थापना दिवस अवसर पर आयोजित आपदा प्रबंधन अंतर्गत आयोजित की गई उपकरणों एवं संसाधनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर होमगार्ड जवानों तथा विद्यार्थियों के लिए खेलकूद कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।



## कांग्रेस ने आयोजित की श्रृद्धांजलि सभा, बैरवा महासभा ने लगाया रक्तदान शिविर

# श्रद्धाभाव के साथ संविधान निर्माता बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का 69 वां परिनिर्वाण दिवस शनिवार को जिले में पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी ने जहां एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। वहीं क्षेत्रीय बैरवा महासभा द्वारा अम्बेडकर धर्मशाला श्योपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को संविधान देकर डॉ भीमराव अंबेडकर ने सर्व समाज को सम्मान से जीने का अधिकार दिया। बाबा साहब का यह उपकार देश और देशवासी सृष्टि रहने तक नहीं भूलेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। इससे पहले विभिन्न राजनीतिक दलों और डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों ने पाली रोड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा (अंबेडकर पार्क) पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया।

इस क्रम में अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी मोर्चा (अजाक्स) ने भी बाबा साहब को अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। उधर शहर की अंबेडकर धर्मशाला में क्षेत्रीय बैरवा महासभा के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें बैरवा महासभा से जुडे लोगो ने उत्साह के साथ रक्तदान किया।





# अभाविप ने आयोजित की प्रश्नोत्तरी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को सोंईकलां स्थित शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता विषय को लेकर एक प्रश्नोत्तरी परीक्षा आयोजित की।

इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चलकर भाग लिया। इस दौरान उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री अतुल बुधौलीया,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक वैष्णव नगर अध्यक्ष सुमित गौड़, राजन मीणा, कोमल बैरवा, अभिषेक आर्य, सुदामा मीणा, मोहित रावल, जतिन मीणा नवीन सुमन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज ग्राम सुठारा में लगेगा संत निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर तहसील के ग्राम सुठारा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 7 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस रक्तदान शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए जिला मीडिया सहायक हीरालाल नायक ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में संत निरंकारी मिशन से जुड़ी जिले भर की ब्रांच माकडोद, श्योपुर, बड़ौदा, हीरापुर, सुठारा के संत निरंकारी मिशन के बालेंटियर भाग लेंगे। यह रक्तदान शिविर सुबह 11 से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। उन्होंने जिलेभर के सेवाभागी नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे भी इस शिविर में शामिल होकर रक्तदान कर सकते है।

# पूर्व डकैत देवा बंजारा ने तीन साथियों के साथ चंदावसूली के लिए की मारपीट ,तानी बंदूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूर्व डकैत देवा बंजारा ने अपने पिता समेत तीन साथियों के साथ आवदा थाना क्षेत्र के निमोदामठ गांव में पहुंचकर एक व्यक्ति से चंदा वसूली के लिए पैसे मांगे और पैसे न देने पर मारपीट करते हुए कनपटी पर बंदूक तान दी। इस वारदात के भागे देवा बंजारा समेत तीन साथियो को आवदा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद अरेस्ट भी कर लिया है।

आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि ग्राम निमोदामठ निवासी लक्ष्मण बंजारा पुत्र आयु बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार की शाम को उसके घर देवा बंजारा अपने पिता फौजा बंजारा निवासी पार्वती बडौदा और अपने दोस्त रामवरन उर्फ पुलदंर यादव निवासी भिलोडी थाना गोवर्धन के साथ पहुंचा और चंदा वसूली के लिए पैसे मांगे और पैसे न देने पर मारपीट कर दी तथा बंदूक तानते हुए धमकी भी दी कि यदि पैसे नहीं दिए तो जान से मार दूंगा। इसके बाद तीनों आरोपी भाग गए। लक्ष्मण बंजारा की रिपोर्ट पर तीनो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर तीनों के अरेस्ट कर लिया है।



### एक साल पहले ही 14 साल की सजा काटकर जेल से छूटा है देवा

बताया गया है कि देवा बंजारा पुराने मामलो में 14 साल की सजा काटकर करीब एक साल पहले ही जेल से छूटा है। बता दे कि देवा बंजारा उस समय प्रदेशभर में चर्चित हो गया था,जब उसने अगरा थाना क्षेत्र में शिक्षकों का अपहरण करने की सनसनीखेज वारदात अंजाम दी और फिर उन्हें फिरौती लेकर छोडा।

## सालों से ठंडे बस्ते में पड़ी शहर की पार्किंग और वैकल्पिक बायपास बनाने की योजना

# सौंदर्यीकरण तो ठीक है पर सूरत बिगाड़ रही शहर की लचर यातायात व्यवस्था का क्या ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आधा दशक से शहर की शान शौकत और पहचान बने जय स्तंभ के पुराने प्रतीक को हटाकर सौंदर्य करण के नाम पर नया प्रतीक लगाया जा रहा है अच्छी बात है कि सौंदर्य करण होना चाहिए लेकिन सिर्फ एक स्तंभ लगा देने भर से क्या सौंदर्य करण हो पाएगा? जबकि शहर की सूरत बिगाड़ रही लचर यातायात व्यवस्था और लंबे समय से वैकल्पिक बायपास मार्ग तथा पार्किंग स्थलों की योजना जिम्मेदारों द्वारा ठंडे बस्ते में डाली हुई है।

नरेंद्र सिंह तोमर जब श्योपुर मुरैना के सांसद थे तब उन्होंने मुरैना और श्योपुर शहर के सौंदर्य करण के लिए जय स्तंभ नए लुक में बनाने के लिए सांसद निधि दी थी कई साल बीतने के बाद अब शायद प्रशासन को सांसद निधि की सुध आई और पुराने जय स्तंभ को हटाकर उसके स्थान पर नया आकर्षित स्तंभ लगाने की कवायद शुरू हो गई है आधी सदी से श्योपुर की शान और पहचान बने स्तंभ को हटा दिया गया है आने वाले समय में उक्त स्थान पर ऐसा स्तंभ लगाया जाएगा जो आकर्षक और शहर का सौंदर्य करण बढ़ाने वाला होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ओर श्योपुर के सांसद रहे विधानसभा अध्यक्ष का यह सकारात्मक कदम था इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए लेकिन सिर्फ एक ही स्थान पर सौंदर्य करण कर देने से क्या शहर की तमाम समस्या खासकर बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था सुधर जाएगी जबकि दशकों से की गई शहर सौंदर्यकरण की प्लानिंग मूर्त रूप नहीं ले पा रही है।



### एक करोड़ रुपए लेने के बाद भी नहीं बना वैकल्पिक बायपास

तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को ढर्रे पर लाने के लिए जो प्लानिंग तैयार की थी उसके तहत प्रशासन ने नगर पालिका को एक करोड़ रूपया मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत मिला भी था उक्त पैसे से भी नगर पालिका शहर में एक भी वैकल्पिक बायपास नहीं बना सकी। दरअसल तत्कालीन कलेक्टर श्रीवास्तव की प्लानिंग के तहत शिवपुरी रोड से आने वाले वाहन जिला अस्पताल के सामने से ईद का रोड होते हुए बगवाज पुलिया किला रोड मछली मार्केट से पुल दरवाजा होते हुए सीधे बड़ौदा की ओर निकाले जाने थे। पाली रोड से आने वाले वाहनों को नागदा रोड वार्ड क्रमांक 10 की बस्ती के भीतर से होते हुए सीधे बंजारा डैम के पास निकाले जाने की प्लानिंग थी, इसी तरह जय स्तंभ से कबीर आश्रम बड़ौदा रोड बायपास निकाला जाना था। इस काम के लिए एक करोड रुपए मुख्यमंत्री अधोसंरचना से दिया भी गया था जिसे बगवाज पुलिया से किला रोड तक शहर का सबसे चौड़ा रोड बनाकर नगर पालिका में खर्च कर दिया जबकि यह रोड अभी भी अनुपयोगी ही है अगर इस रोड के लिए मिला पैसा प्लानिंग से खर्च किया जाता तो यह रोड मछली मार्केट से होता हुआ पुल दरवाजा तक निकल सकता था।

### बायपास के बजाए शॉपिंग मॉल की डीपीआर बना डाली नपा ने

जय स्तंभ से पुराना अस्पताल परिसर से होते हुए बड़ौदा रोड कबीर आश्रम के पास बायपास निकल जाने की प्लानिंग पर नगर पालिका ने तैयारी कर ली थी इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से भी स्वीकृति मिल चुकी थी पर नगर पालिका ने रोड निकालने के बजाय अस्पताल की कई बीघा भूमि पर ही कब्जा करने की योजना बना डाली और पूरी जमीन पर शॉपिंग मॉल बनाने की डीपीआर तैयार कर नगरीय निकाय विभाग से स्वीकृति लेते हुए उसे स्वास्थ्य विभाग से जमीन हैंडोवर करने के लिए भेज दिया इसकी जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भी प्लानिंग में अड़ंगा डाल दिया स्वास्थ्य विभाग अपनी जमीन में से जन सुविधा के लिए रोड तो निकालने पर आपत्ति नहीं जता रहा था लेकिन अपनी जमीन को दूसरे विभाग को हैंडोवर करने पर उसने आपत्ति यह कहते हुए जता दी कि उसके यहां स्टाफ खासकर चिकित्सकों के रहने के लिए आवास नहीं है शहर के बीचो-बीच अस्पताल की इस बिल्डिंग को तोड़कर वह 45 क्वार्टर बनाएगी इस प्लानिंग को स्वास्थ्य विभाग ने मंजूर कर लिया इसके बाद नगर पालिका की शॉपिंग मॉल के प्लानिंग धरी रह गई और रोड निकालने की चिंता या नगर पालिका को पहले भी नहीं थी।

### नगर पालिका के पास फंड नहीं है...

शहर का सौंदर्य करण हो इस दिशा में जो प्लानिंग बनाई गई थी नया यह स्तंभ इस प्लानिंग का हिस्सा है। शहर में कुछ स्थानों पर पार्किंग स्थल विकसित करने की योजना है फिलहाल वैकल्पिक बायपास बनाने के लिए नगर पालिका के पास फंड नहीं है।

**आरआर यादव**
सीएमओ श्योपुर

## श्योपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

# खेल प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं को मिलता है निखरने का मौकाःशशांक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खेल प्रतियोगिता के जरिए खिलाडियों को अपनी प्रतिभा में निखार लाने का अवसर मिलता है। खेलों के आयोजन से खिलाडियो में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी का अवसर मिलता है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने शनिवार को कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कही। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण हैं। खेलो के लिए हमारी सरकार कई तरह के प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में समाजसेवी बिहारी सिंह सोलंकी सहित अन्य कई खेल प्रेमी लोग मौजूद थे। बताया गया है कि दो दिन तक चलने वाली इस 44 वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में श्योपुर जिले सहित इंदौर,उज्जैन, देवास, धान, राजगढ, रतलाम, खरगोन, गुना और ग्वालियर जिले की बालक और बालिका वर्ग की खो-खो टीमे हिस्सा ले रही है।

## खबर संक्षेप



### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी मुकेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिलीप और छोटू परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी प्रतिपाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हितेन्द्र लोधी ने हिस्सा बटवारे की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत गायत्री मंदिर गली अशोकनगर निवासी सतीश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलेश, हेमन्त, रामकृष्ण, रामसरण, कान्हा, हल्कीबाई रघुवंशी ने बडोरा नईसरायं रोड़ पर उस पर डंडे और फाबड़े से हमला कर मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी बलवीर आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी फूलसिंह, राहुल और लक्ष्मीनारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी उर्मिला बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति अमरसिंह बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिले को आई.पी.एल. कंपनी की रैक से यूरिया उर्वरक हुआ प्राप्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में रबी वर्ष 2025-26 हेतु जिले में आई.पी.एल. कंपनी की रैक से प्राप्त 1037 मेट्रिक टन यूरिया का भण्डारण कराकर कृषकों को वितरण हेतु उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। एम.पी.एग्रो अशोकनगर 71 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र अशोकनगर 203 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली 50 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई 50 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र नईसंराय 50 मेट्रिक टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 50 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 50 मे.टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। रैक से प्राप्त यूरिया 11 सेवा सहकारी समितियों को मांग अनुसार ईसागढ को 27 मेट्रिक टन, रूसल्ला बुजुर्ग, ढ़ाकोनी, बामोरा, नारायणपुर, अथाईखेड़ा, रांवसर, भरियाखेड़ी, खोरीबरी, छैबलाई, मल्हारगढ़ को 25-25 मेट्रिक टन कुल 277 मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया है। अशोकनगर के निजी विक्रेताओं को श्री कृष्णा कृषि क्लीनिक 211 मे.टन., महाकाल ट्रेडर्स 25 मेट्रिक टन मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया।

### अभिभाषक संघ आज मनाएगा परिनिर्वाण दिवस

**अशोकनगर।** अभिभाषक संघ जिला अशोकनगर द्वारा न्यायालय परिसर स्थित संविधान वाटिका में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन सुबह 10:30 बजे होगा। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने सभी अधिवक्ताओं से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम भेलवासा निवासी अमरजीत सिंह सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। बहादुरपुर पुलिस ने मोला डेम निवासी तुलसीराम बंजारा और गोविंद बंजारा के पास से 5-5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई


**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने की पुलिस ने बरखेडा हेमराज में तालाब के किनारे ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए अमीर वेग, आमिर खान, आरिफ खान, हासिम खान के पास से ताश की गडडी और 3500 रूपए बरामद किए हैं।

## महोत्सव में 200 प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा, जैन समाज ने की आयोजन की तैयारियां

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अयोध्या नगरी में बनाया गया 36 हजार वर्गफीट का पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





राष्ट्र संत और निर्यापकाचार्य मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं गजरथ के आयोजन को लेकर पुरानी कृषि उपज गल्ला मण्डी में हो रही है अयोध्या नगरी तैयार। यहां समस्त आयोजनों को लेकर 36 हजार वर्गफुट का विशाल पांडाल बनाया गया है। यहां भगवान के 5 कल्याणक के माध्यम से प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित किया जाएगा। नाभिराय का दरबार सजेगा और आदिकुमार के जन्म से लेकर मोक्ष कल्याणक की सारी प्रक्रियाएं इस आयोजन में होंगीं।

### पंच कल्याणक महोत्सव में 200 प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा

इस पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में अशोकनगर शहर के 4 जिनालयों में विराजमान होने वाली प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। इन प्रतिमाओं के अलावा आसपास के जिलों के जैन मंदिरों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा भी इस महोत्सव में की जाएगी। प्रदीप भैया ने बताया कि लगभग 200 प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। जिसमें अशोकनगर सुभाष गंज जैन मंदिर में सात नईं जैन प्रतिमाएं आ रही हैं, जिनकी प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। इस मंदिर का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है, इस मंदिर में जो प्रतिमाएं पहले से विराजमान थीं उन प्रतिमाओं के लिए एक तात्कालिक रूप से नया मंदिर तैयार किया गया है। नए मंदिर का निर्माण होने के बाद इन प्रतिमाओं को एक ही मंदिर में विराजमान किया जाएगा। यह 80 वर्ष पुराना मंदिर था जिसका नए सिरे से निर्माण हो रहा है। शहर के सोनी कॉलोनी स्थित पाश्र्वनाथ जैन मंदिर में 6 नईं प्रतिमाएं आ रही हैं जिनकी प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी। शहर का सबसे प्राचीन पुराने गांव जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण हो चुका है। यहां मंदिर के ऊपरी तल पर चैबीसी का निर्माण किया गया है। जहां 24 प्रतिमाएं स्थापित होगीं। इसके अलावा 5 प्रतिमाएं और प्रतिष्ठित होगीं। यह गांव मंदिर की सभी प्रतिमाएं साढे 3 साल पहले बनकर आ चुकी हैं, जिनकी प्रतिष्ठा अब होगी। इसके अलावा शहर के शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर की सभी प्रतिमाएं नए सिरे से बनकर आ रही हैं। जो 105 प्रतिमाएं हैं। जिनकी प्रतिष्ठा इस आयोजन में होगी।

### आयोजन को लेकर बनाई जा रही है भोजन शाला

इस आयोजन में शामिल होने वाली श्रद्धालुओं को आयोजन कमैटी द्वारा भोजनशाला के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जा रही है। जो भी इन्द्र इन्द्राणी बन रहे हैं उन्हें कूपन भी प्रदान किया जा रहा है। उस कूपन के माध्यम से वह भोजन शाला में भोजन कर सकेगें। बाहर के अतिथियों के लिए भी इसी प्रकार की व्यवस्था की गई है। इस भोजन शाला का निर्माण भी पुरानी कृषि उपज मण्डी में किया जा रहा है।

### अंहकार में व्यक्ति विनाश को प्राप्त हो जाता है:मुनिश्री

मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने अशोकनगर के सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अहंकार और विश्वास में बहुत अंतर है, अहंकार में व्यक्ति ग़ाफ़लि होकर विनाश को प्राप्त हो जाता है। इस संसार में रावण से बढ़कर कोई धनवान नहीं हुआ तो अहंकार भी उसका उतना ही भारी था, लेकिन जब सामने विश्वास से भरे श्रीराम आये तो रावण का भी अहंकार टिक न सका। उन्होनें कहा कि सीता को यह विश्वास था कि मेरे पति एक दिन आयेंगे और मुझे इस दुष्ट के वंधन से मुक्त करायगें। इसी विश्वास ने काम किया और श्री राम ने समुद्र को भी विश्वास के बल पर बांध कर लंका विजय की थी। विश्वास बहुत बड़ी चीज है इसे बनाये रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर हम भार है या सौभाग्य है अपने आप की क्या कीमत है क्या तुमने महसूस किया कि मैं बहुत काम का हूं। मेरे दिमाग ने न जाने कितने लोगों की जिंदगी बचाई क्या ऐसा कोई काम किया कि जगत आपकी कीमत कर रहा है। परिवार में तुम्हारी क्या अहमियत है आपने ऐसा कोई काम किया कि परिवार की आपका कुटुम्ब में मान सम्मान बढ़ता चला गया। तुम कहते हो तुम धर्मात्मा हो, तुम्हारे बिना धर्म विकलांग हो जायेगा, क्योंकि धर्म धर्मात्मा के बिना चल नहीं सकता। क्या तुमने धर्म का काम किया क्या तुमने ऐसा धर्म किया कि धर्म आपके कारण आगे बढ़ सका।

### धर्म बहुत आगे कि बात है थोड़ी तुम्हारे प्रति कूलता हुई कि तुम गुरु बदल लेते हो

उन्होंने कहा आप ने गुरु महाराज को हजारों बार नमोस्तु किया और आशीर्वाद नहीं मिला तो आप तपस्वी हो। गुरु ने आपको तपस्या के रूप प्रायश्चित दे दिया, हमें मान लेना चाहिए। फिर देखना एक दिन ऐसा भी आयेगा कि तुम्हारे लिए सदा टाइम मिलता रहेगा। क्या समझ रखा है गुरु को गुरु तुम्हारी प्रशंसा करेंगे गुरु हमारे काम को सराहएगें। धर्म बहुत आगे कि बात है थोड़ी तुम्हारे प्रति कूलता हुई कि तुम गुरु बदल लेते हो। लोग तुम्हारे से बोलने को तरसते है और अगर गुरु वोले नहीं तो आप के मन में यह भाव आ गया कि गुरु कभी मेरा अहित नहीं कर सकते। गुरु तो मेरे परम उपकारी है तुरंत तुम्हारे मन में भाव आना चाहिए कि गुरु तुम्हारे मन में भाव आये कि गुरु मेरे परम हितैषी है। वह तुम्हारा बुरा विचार ही नहीं कर सकते।

### पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**अशोकनगर।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। 30 सितम्बर 2025 की स्थिति में जिले में 375 पंच तथा 01 सरपंच (ग्राम पंचायत बांकलपुर) जपं चंदेरी के रिक्त पद की पूर्ति के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह द्वारा तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर(पंचायत) जनपद पंचायत अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली ईसागढ़ को पंचायत उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के तहत निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तिथि 08 दिसम्बर, नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 15 दिसम्बर, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 16 दिसम्बर, अभ्यर्थिता से नाम वापिस लेने की अंतिम तारीखा 18 दिसम्बर, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने तथा निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 18 दिसम्बर, मतदान 29 दिसम्बर को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात होगी। 02 जनवरी 2026 को प्रातः 08 बजे से सरपंच, जपं सदस्य एवं जिपं सदस्य की विखं मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतों की गणना होगी, 05 जनवरी 2026 को पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा, पंच पद की विखं मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा, 05 जनवरी 2026 को सरपंच एवं जपं सदस्य पद के लिए मतों का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा।

# गल्ला व्यापारी से हुई 20 लाख की लूट का मास्टर माइंड गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा कस्बे के गल्ला व्यापारी नीरज साहू के साथ 3 दिसम्बर को अशोकनगर गुना मार्ग पर हुई 20 लाख रूपए की हुई लूट की घटना के मुख्य आरोपी जो मास्टर माइंड है उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राजा पुत्र रामसिंह भदौरिया के रूप में की गई पहचान में आरोपी ने अपने साथ कुछ और लोगों के लिप्त होने की जानकारी उजागर की है। पुलिस किसी भी समय इस घटना से जुड़े सभी आरोपियों और लूटे गए रूपयों का कभी भी खुलासा कर सकती है।

जिस आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वह शाढ़ौरा की भरसा बावड़ी का निवासी है। एक दिन पहले ही हरिभूमि ने यह आशंका जताई थी कि लूट की घटना के आरोपियों के पास तक पुलिस पहुंच चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने मास्टर माईंड के नाम को उजागर करते हुए आरोपी से की गई पूछताछ के बाद कुछ नाम का खुलासा किया है जिनमें शिवा और शिवकुमार रघुवंशी निवासी बारमहू हाल आरोन, जसरथ उर्फ सोनू मीना निवासी केशोपुर थाना कुम्भराज, गोलू उर्फ राहुल मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुम्भराज व एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। ज्ञात हो कि 3 दिसम्बर को जब शाढ़ौरा का गल्ला व्यापारी नीरज पुत्र भगवान साहू अशोकनगर मण्डी रोड़ स्थित आईसीआईसीआई बैंक से 20 लाख रूपए लेकर अपने घर शाढ़ौरा जा रहा था तभी रेलवे फाटक और नगउखेडी के बीच 4 आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना को लेकर एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। एसडीओपी विवेक शर्मा को 6 टीमों का लीडर बनाया गया था। एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक अरबिंद सक्सेना ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था और कहा था कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएगें। इस घटना को लेकर उन्होंने आरोपियों के जल्द ही पकड़े की संभावना जताई थी।

आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह बैंक शाखा में ट्रेक्टर के लोन का पैसा जमा करने के वहाने कईं बार बैंक में गया और अपने साथियों को लाया, उसे पता था कि नीरज साहू शाढ़ौरा से अशोकनगर आता है और रूपए निकालकर ले जाता ह। यहीं से उसने लूट की घटना का प्लान बनया था और जब 3 दिसम्बर को नीरज साहू रूपए निकाल कर जब अशोकनगर से शाढ़ौरा जा रहा था।



### अशोकनगर में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के सभाकक्ष में शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के तहत अधिक से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत करे। जिससे बैंको द्वारा ऋण प्रकरण समय सीमा में स्वीकृत किया जा सके। बैठक में समस्त बैंकों की ओर से लीड बैंक प्रबंधक राजीव राय द्वारा समस्त शासकीय योजना में शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही लंबित ऋण प्रकरणों का जल्द निष्पादन के लिए बैंकों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव, ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधक व शां अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देकर किया समाधान

# पिछोर में नालसा जागृति जागरुकता अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया




**पिछोर।** पिछोर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला शिवपुरी रंजना चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर के मार्गदर्शन में नालसा जागृति जागरूकता अभियान के अंतर्गत 06 दिसम्बर शनिवार को सुबह 11 बजे शिव लोक पब्लिक स्कूल पिछोर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर,दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ किया गया। शिविर में कार्यक्रम का संचालन विधिक कर्मचारी धर्मेंद्र राजोरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रियंका विश्वकर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पिछोर द्वारा पोक्सो अधिनियम, लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, मोटर व्हीकल अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम आईटी एक्ट, सोशल मीडिया नेटवर्क के अंतर्गत संक्षिप्त रूप से जानकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दी गई एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संबंधित अधिनियम के संबंध में परिचर्चा कर उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विधिवत जवाब प्रस्तुत कर भविष्य को उज्जवल बनाने की कामना की गई।

## विश्व मृदा दिवसः जमीन में देशी खाद का उपयोग नहीं बना सबब

# एक ही फसल उत्पादन से हो रही पोषक तत्वों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





विश्व मृदा दिवस को लेकर अशोकनगर जिले की मृदा की जानकारी की जुटाई गई। जाना गया कि यह दिन यदि मृदा का विशेषताओं को समझने का दिन है और उसके महत्व को समझने की जरूरत है। तब कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में जाकर होने वाले मिटटी के परीक्षण की जब जानकारी ली गई तब मामला सामने आया कि जिले में लगातार मृदा में पोषक तत्वों की कमी हो रही है। जिस मृदा को मृदु होना चाहिए वह कठोर होती जा रही है। कृषक कृषि विज्ञानियों की बात सुनते तो हैं लेकिन मानते नहीं हैं। जिससे मृदा में पोषक तत्वों की कमी के परिणाम परीक्षण में सामने आ रहे हैं।

मृदा विशेषज्ञ शेलेन्द्र पुरोहित ने बताया कि जो भी परीक्षण यहां की प्रयोगशाला में होते हैं उनमें जिन तत्वों की कमी आ रही है उनमें फास्फोरस की मात्रा 25 प्रतिशत होना चाहिए वह 18 से 21 प्रतिशत आ रही है। इसी प्रकार सल्फर की 20 से 30 प्रतिशत की कमी है। यहां 70 प्रतिशत का आंकड़ा आ रहा है। इसी प्रकार पोषक तत्वों में जिंक की 66 प्रतिशत कमी 2018-19 में पाई गई थी उसमें बाद अब यह आंकडा 55 से 56 प्रतिशत की कमी पर आ गया है। नाईट्रोजन की मात्रा मृदा में 250 से 400 प्रतिशत के बीच होना चाहिए किन्तु वह आंकड़ा 54 प्रतिशत आ रहा है। ऑरगेनिक कॉर्बन की मात्रा 0.30 से 0.40 प्रतिशत है जो 0.50 से .075 प्रतिशत तक होना चाहिए। पोटेशियम की मात्रा 2018 और 2019 के आंकड़ों के अनुसार 65 प्रतिशत थी जिसमें सुधार आया है और अब यह आंकड़ा 52 से 30 प्रतिशत के बीच आ गया है। उन्होंने कहा कि जिले में किसान जो खाद की मात्रा का उपयोग कर रहे हैं वह आंकड़ा सही है यहां 47 किलो खाद प्रति हेक्टयेर का उपयोग किया जाता है। जब कि अन्य राज्यों में इसका प्रतिशत अलग है। यूपी में 250 से 300 किलो, पंजाब 600 से 700 किलो और महाराष्ट्र में 350 किलो खाद प्रति हेक्टयर उपयोग की जाती है।

मृदा विशेषज्ञ शेलेन्द्र पुरोहित ने बताया कि अशोकनगर जिले में जो कृषि की भूमि है उसमें ऑरगेनिक कार्बन की कमी होती जा रही हैं यहां के किसान एक ही प्रकार के उर्वरकों का उपयोग अपनी फसल के उत्पादन को लेकर करते हैं। यहां के किसान परम्परागत रूप से जिन फसलों का उत्पादन करते आ रहे हैं वहीं फसलें लगातार उपजा रहे हैं। जो फसल कटाई के बाद अवशेष अर्थात नरवाई खेतों में रह जाती है उसमें आग लगाने के कारण जमीन में कठोरता आती जा रही है। इसके साथ जमीन में देशी खाद का उपयोग न करना भी पोषक तत्वों की कमी का कारण बन रहा है। ऐसे में उनका कहना है कि किसानों को खरीफ की फसल में खासतौर से हरी खाद का उपयोग करना चाहिए। कम से कम 25 प्रतिशत भूमि में हरी खाद का उपयोग करें जिससे जमीन में कठोरता कम होगी।

प्रयोग शाला में प्रतिदिन 10 से 15 किसान अपनी खेतों की मिटटी लेकर परीक्षण कराने के लिए आते हैं। पूर वर्ष भर का लक्ष्य इस बार 3640 परीक्षण का दिया गया है, इस परीक्षण को लेकर अब तक अशोकनगर की प्रयोगशाला में पंजीयन पूरे 3640 हो चुके हैं लेकिन टेस्ट 3281 का हुआ है। जिसमें प्राकृतिक खेती के 237 रजिस्ट्रेशन भी शामिल हैं। ऐसा ही लक्ष्य चन्देरी को मिला है यहां 2977 का पंजीयन हुआ है और 2878 का परीक्षण हो चुका है। मुंगावली में 2836 का पंजीयन हुआ है और 2687 का परीक्षण हो चुका है जबकि 2957 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और 2885 का परीक्षण हो चुका है।

### 103 वर्षीय पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमारी को डीजे व बैंड बाजे के साथ दी अंतिम विदाई



**करैरा।** नगर करैरा के सौरभ भार्गव भार्गव पत्रकार की दादी एवं सुभाष चंद्र भार्गव रिटायर मैनेजर भूमी विकाश बैंक बालों की माताजी श्रीमती राजकुमारी भार्गव का 103 वर्ष की आयु में गुरुवार शाम 6 बजे निधन हो गया था वह करैरा नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष थी उनकी अंतिम यात्रा 5 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 9 बजे निज निवास काली माता मंदिर के सामने करैरा से गणेश घाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान की गई।अंतिम यात्रा डीजे और बैंड बाजे के साथ निकाली गई। डीजे की धुन पर हे राम-हेराम, तू ही माता तू ही पिता है श्रीराम-श्रीराम धुन बजते हुए घर से शमशान घाट तक बजता गया ।अंतिम यात्रा में सैकडों की संख्या में नगरवासी शामिल हुए । सभी ने दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और संपूर्ण भार्गव परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है